दिन– शुक्रवार दिनांक– 12/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

सी पी राधाकृष्णन देश के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे. पी. नड्डा, पीयूष गोयल और नितिन गडकरी उपस्थित थे। श्री सी पी राधाकृष्णन ने इस महीने की नौ तरीख को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को चार सौ बावन वोट मिले थे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को एक सौ बावन मतों से पराजित किया था।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों के मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का उद्‌घाटन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने किया। इस अवसर पर चुनाव आयुक्त डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू और डॉक्टर विवेक जोशी भी मौजूद थे। चुनावी प्रक्रियाओं के संबंध में आम लोगों को गुमराह करने वाली गलत सूचनाओं में हुई वृद्धि को देखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल एक दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस दौरान श्री नड्डा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उच्च्व स्तरीय बैठक करेंगे। उनका पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद का भी कार्यक्रम है। श्री जायसवाल ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी अठारह सितम्बर को पटना आ रहे हैं। श्री शाह भी अपने पटना दौरे के क्रम में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

————————————————————————

भागलपुर में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से युवा शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

एनडीए के घटक दलों ने बिहार कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गए उस एआई जेनरेटेड वीडियो की कड़ी आलोचना की है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां जैसी दिखने वाले दो किरदारों को दिखाया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि कांग्रेस ने आपत्तिजनक वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री और उनकी मां को एक बार फिर अपमानित किया है। बिहार की जनता इसका बदला लेगी। इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह वीडियो कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की हताशा को दर्शाता है। इस बीच, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि इस वीडियो में कुछ भी अपमानजनक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार–बार हर चीज को मुद्दा बनाना और छुईमुई बनकर राजनीति करना एनडीए की आदत हो गयी है।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के तैयबपुर में सबसे अधिक अड़सठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, पूर्णिया और भागलपुर जिले के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

———————————————————————

मधुबनी जिले में एसएसबी और पुलिस की टीम ने मधवापुर पंचायत के रामपुर बृत गांव से एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह नेपाल के जलेश्वर जेल से फरार हो गया था। मधुबनी से कल भी दो नेपाली कैदियों को गिरफ्तार किया गया था।

———————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के धनेश्वरी में पिछले दिनों दो लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गए हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।